सोशल आडिट निदेशालय

ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0
7वाँ तल, पी.सी.एफ. भवन, 32, स्टेशन रोड, लखनऊ–226001
Phone No.: 0522-2630878, Fax: 0522-4003787, E-mail: socialauditup@yahoo.in, Website: socialauditup.in

पत्रांकः 90 /सो.आ.नि.–349/2016
दिनाँकः 16 मई, 2017

प्रेषक,

निदेशक,
सोशल आडिट,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
(गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, बस्ती, मऊ, तथा कासगंज को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषयः सोशल आडिट के सम्बन्ध में जिला विकास अधिकारियों की बैठक दिनांक 22–05– 2017 का आयोजन।

महोदय,

वित्तीय वर्ष 2017–18 में सोशल आडिट के सदस्यों के प्रशिक्षण एवं जनपदों में चयनित विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में सोशल आडिट की प्रकिया प्रारम्भ की जानी है। सोशल आडिट के सम्बन्ध में भारत सरकार/राज्य सरकार की नीतियों एवं सोशल आडिट को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु कार्य–प्रकिया की जानकारी देने एवं विचार विमर्श के उददेश्य से दिनांक 22–05–2017 को पूर्वाहः 11 बजे से अपराहः 03 बजे तक **UPRRDA LKO** के सभागार में जिला विकास अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया दिनांक 22–05–2017 को आयोजित उक्त बैठक में अपने जनपद के जिला विकास अधिकारी को प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– एजेण्डा बिन्दु।

भवदीय,

(राजवर्धन)
निदेशक।

पत्रांकः– /सो0आ0नि0– /2016, तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः

1. अपर मुख्य सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन लखनऊ।
2. सम्बन्धित जिला विकास अधिकारी, उ0प्र0 को सूचनार्थ

(राजवर्धन)
निदेशक।

दिनांक 22–05–2017 को आयोजित जिला विकास अधिकारियों की बैठक के विचारणीय एजेण्डा बिन्दुः–

1. वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए टीमों के गठन एवं प्रशिक्षण के सम्बन्ध में।
2. BRP का पैनल तैयार करने एवं प्रशिक्षण दिए जाने के सम्बन्ध में।
3. वर्ष 2016–17 तथा पूर्व के वर्षों में सोशल आडिट टीम के सदस्यों को व्यावसायिक शुल्क भुगतान की जनपदवार समीक्षा।
4. महात्मा गांधी नरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) पुराना नाम ''इन्दिरा आवास योजना'' की रिर्पोट भारत सरकार एवं निदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड करने की स्थिति।
5. महात्मा गांधी नरेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पायी गयी कमियों तथा उनके निस्तारण की स्थिति।
6. DSAC/BSAC के व्यावसायिक शुल्क के भुगतान की स्थिति।
7. आगामी सत्र हेतु वर्ष 2016–17 में मनरेगा के अन्तर्गत कराए गए कार्यों की रिपोर्ट को सोशल आडिट कैलेण्डर के अनुसार डाउनलोड करने की व्यवस्था के सम्बन्ध में।
8. वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 में सम्पन्न सोशल आडिट के सारांश प्रेषण की स्थिति।
9. सम्पन्न हुए सोशल आडिट एवं सोशल आडिट प्रतिवेदनों पर कृत कार्यवाही के सन्दर्भ में जनपदों की स्थिति, (पत्रांक–14 / सो0आ0नि0–386 / 2016, दिनांक 13.04.2017)।
10. भारत सरकार को प्रतिमाह प्रेष्य मासिक प्रगति के सम्बन्ध में जनपद की सूचना।
11. वित्तीय वर्ष 2016–17 में आवंटित धनराशि के सापेक्ष मदवार व्यय बचत एवं बैंक समाधान की सूचना।